FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

**प्रेस विज्ञप्ति**

संख्या- 1070/प्रेसनोट/अ0सं0 / 2025 / 312 | 18 फरवरी 2025

## बीएसएफ इक्वेस्ट्रियन टीम के कांस्टेबल आकाश ने नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप - टेंट पेगिंग में जीता स्वर्ण पदक

पंजाब आर्म्ड पुलिस द्वारा इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया (EFI) के तत्वावधान में आयोजित नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप - टेंट पेगिंग 2024-25 में बीएसएफ के कांस्टेबल आकाश ने स्वर्ण पदक जीतकर देश और बल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 15 से 23 फरवरी 2025 तक पीएपी ग्राउंड्स, जालंधर, पंजाब में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार हिस्सा ले रहे है।

बीएसएफ इक्वेस्ट्रियन टीम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कांस्टेबल आकाश, जो पानीपत, हरियाणा के रहने वाले हैं, ने अपने घोड़े प्रेम के साथ असाधारण कौशल, अद्भुत गति और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए टाई राउंड में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 2.5 सेंटीमीटर के लक्ष्य को मात्र 5:36 सेकंड में भेदकर यह अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त की। 23 वर्षीय आकाश इस प्रतियोगिता में सबसे युवा प्रतिभागी भी थे।

पीएपी ग्राउंड्स में चल रही नेशनल टेंट पेगिंग चैंपियनशिप के दौरान सोमवार को बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 60 अंकों के इस मुकाबले के दूसरे दिन सभी घुड़सवारों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 8 खिलाड़ियों ने 60 में से 60 अंक अर्जित किए और अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया।

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

टॉप 8 खिलाड़ियों में से विजेता चुनने के लिए उन्हें दोबारा मैदान में उतारा गया, जहां टेढ़े किए गए पैग (जमीन में गाड़ा गया लक्ष्य) को उठाने की चुनौती दी गई। 6 घुड़सवार इस कठिन लक्ष्य को भेदने में सफल रहे। इसके बाद, टाइम मैनेजमेंट के आधार पर विजेता घोषित किया गया, जिसमें यह देखा गया कि किस खिलाड़ी ने सबसे कम समय में लक्ष्य को भेदा। इस चुनौतीपूर्ण दौर में बीएसएफ और असम राइफल्स के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा, लेकिन बीएसएफ की टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

आकाश, जो 2022 में बीएसएफ में भर्ती हुए, ने अपनी शानदार प्रतिभा और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 16 वर्षीय घोड़े प्रेम के साथ मिलकर 5.36 सेकंड में लक्ष्य भेदते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टेंट पेगिंग में घोड़े की गति और सटीक निशाना दोनों बेहद अहम होते हैं।

कांस्टेबल आकाश की यह ऐतिहासिक जीत न केवल बीएसएफ की खेल संस्कृति को मजबूत करती है बल्कि बल की घुड़सवारी में श्रेष्ठता को भी पुनः स्थापित करती है। उनकी यह उपलब्धि बीएसएफ की प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में मजबूत विरासत को दर्शाती है और भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देती है। उनकी यह जीत पूरे देश और बल के लिए गर्व का क्षण है।

अतुल 20/1/25

(अतुल यादव), द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

**प्रेस विज्ञप्ति**

संख्या- 1070/प्रेसनोट/अ0सं0 / 2025 / 341

22 फरवरी 2025

**बीएसएफ इक्वेस्ट्रियन टीम के कांस्टेबल पी भगवान भाई ने नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप - टेंट पेगिंग में जीता स्वर्ण पदक**

पंजाब आर्म्ड पुलिस द्वारा इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया (EFI) के तत्वावधान में आयोजित नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप - टेंट पेगिंग 2024-25 में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए बीएसएफ के कांस्टेबल पी भगवान भाई ने व्यक्तिगत तलवार एंड पैग के फाइनल में असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत तलवार श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर देश और बल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 15 से 23 फरवरी 2025 तक पीएपी ग्राउंड्स, जालंधर, पंजाब में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार हिस्सा ले रहे है।

बीएसएफ इक्वेस्ट्रियन टीम के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कांस्टेबल पी भगवान भाई मूल रूप से गुजरात के रहने वाले है, ने अपने घोड़ी काव्या के साथ असाधारण कौशल, अद्भुत गति और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए टाई राउंड में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 2.5 सेंटीमीटर के लक्ष्य को मात्र 5:14 सेकंड में भेदकर यह अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त की।

पीएपी ग्राउंड्स में चल रही नेशनल टेंट पेगिंग चैंपियनशिप के दौरान बुधवार को बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 60 अंकों के इस मुकाबले के चौथे दिन सभी घुड़सवारों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 7 खिलाड़ियों ने 60 में से 60 अंक अर्जित किए और अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया।

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

टॉप 7 खिलाड़ियों में से विजेता चुनने के लिए उन्हें दोबारा मैदान में उतारा गया, जहां टेढ़े किए गए पैग (जमीन में गाड़ा गया लक्ष्य) को उठाने की चुनौती दी गई। इसके बाद, टाइम मैनेजमेंट के आधार पर विजेता घोषित किया गया, जिसमें यह देखा गया कि किस खिलाड़ी ने सबसे कम समय में लक्ष्य को भेदा। इस चुनौतीपूर्ण दौर में बीएसएफ और पंजाब पुलिस के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा, लेकिन बीएसएफ की टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

39 वर्षीय पी भगवान भाई पिछले 18 साल से घुड़सवारी कर रहे है और उन्होंने अपनी शानदार प्रतिभा और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 12 वर्षीय घोड़ी काव्या के साथ मिलकर 5.14 सेकंड में लक्ष्य भेदते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टैंट पेगिंग में घोड़े की गति और सटीक निशाना दोनों बेहद अहम होते हैं।

कांस्टेबल पी भगवान भाई की यह ऐतिहासिक जीत न केवल बीएसएफ की खेल संस्कृति को मजबूत करती है बल्कि बल की घुड़सवारी में श्रेष्ठता को भी पुनः स्थापित करती है। उनकी यह उपलब्धि बीएसएफ की प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में मजबूत विरासत को दर्शाती है और भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देती है। उनकी यह जीत पूरे देश और बल के लिए गर्व का क्षण है।

अतुल 22/1/25

(अतुल यादव), द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।